# MEASLES

## अपने बच्चे को इस रोग से बचायें

### – उन्हें MMR का टीका लगवाएं

NHS

- खसरे के मामले फिर से सुर्खियों में हैं। वेल्स और इंग्लैंड में इसका गंभीर प्रकोप देखा गया है और खसरे से ग्रस्त बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है।
- खसरा बेहद गंभीर बीमारी हो सकती है, जिससे कान और छाती में संक्रमण, दौरे, अतिसार और मस्तिष्क के क्षतिग्रस्त होने की संभावना रहती है। खसरा प्राणघातक हो सकता है।
- आपके बच्चे को यदि MMR का टीका नहीं दिया गया है, तो उसे खसरा होने का खतरा है। ।
- सर्वोत्तम सुरक्षा प्राप्त करने के लिए MMR के टीके की दो खुराक लेने की आवश्यकता होती है।
- यदि आपके बच्चे को MMR की दो खुराक देना बाकी है और अभी तक ये खुराक प्राप्त नहीं हुई हैं, तो इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कितने साल के हैं, आपको आपके GP (जनरल फिजिशियन) से संपर्क करना चाहिए ताकि जितनी जल्दी संभव हो उन्हें यह टीका दिया जा सके।*
- यदि आपको यह याद नहीं है कि आपके बच्चे को MMR के टीके की कोई खुराक दी गई है या नहीं, या पहली खुराक दी गई है या दूसरी, तो बच्चे के व्यक्तिगत बाल स्वास्थ्य रिकॉर्ड (रेड बुक) की जांच करें। यदि इससे बात न बने, तो अपने GP से इस बारे में बात करें।
- यदि आपको याद नहीं है कि आपके बच्चे को कितनी खुराक दी गई हैं, तो बच्चे को असुरक्षित छोड़ने का जोखिम उठाने की बजाय उसे अब MMR टीके की दोनों खुराकें दे देना बेहतर होगा।

*स्थानीय स्तर पर खसरे के प्रकोप की स्थिति में 18 माह की आयु से दोनों खुराकें एक माह के अंतराल पर दी जा सकती हैं।

**immunisation**

**अपने बच्चे को इस रोग से बचाए रखने का सबसे सुरक्षित तरीका**

खसरा तथा MMR टीके के बारे में कुछ आम सवाल इस लीफ़लेट के पीछे दिए गए हैं

# खसरा और MMR टीके से जुड़े कुछ आम प्रश्नों के उत्तर

## हम खसरे के इन प्रकोपों का सामना क्यों कर रहे हैं?

खसरा एक अत्यंत संक्रामक रोग है, जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है, खासतौर से स्कूलों में। खसरे से संक्रमित एक बच्चा अपने संपर्क में आने वाले लगभग हर उस बच्चे को संक्रमित कर देता है, जिसे खसरे से सुरक्षित नहीं किया गया है। वर्ष 2017 के अंत से ही वैश्विक स्तर पर खसरे के मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे ब्रिटेन भी प्रभावित हुआ है। इसके परिणामस्वरूप दूरस्थ समुदायों में भी कुछ हद तक यह रोग फैल गया है, खासतौर से जिन समूहों में इसके विरुद्ध टीकाकरण कम हुआ है।

## MMR का टीकाकरण आमतौर पर कब दिया जाता है?

टीकाकरण का सबसे अच्छा समय 12 से 13 माह के बीच पहली खुराक और फिर तीन वर्ष से लेकर तीन वर्ष चार माह के बीच दूसरी खुराक होता है। लेकिन, यदि आपके बच्चे को उस समय टीका नहीं दिया गया हो, तो उन्हें दोनों ख़ुराकों के बीच एक माह का फ़ासला रखते हुए किसी भी उम्र में यह टीका दिया जा सकता है।

## क्या इस टीके के कुछ दुष्प्रभाव भी हैं?

हो सकता है कि आपके बच्चे में टीकाकरण के 6 सप्ताह बाद तक खसरा, मम्प्स (गलसुआ) और रुबेला के लक्षण दिखें, लेकिन ये लक्षण बहुत हल्के रूप में होते हैं। यह इस बात को सिद्ध करता है कि टीका काम कर रहा है और आपके बच्चे में यह तीनों बीमारियां फैलाने वाले वायरस के विरुद्ध रोग प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो रही है। ये लक्षण सभी बच्चों में नहीं दिखते, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि टीका अपना काम नहीं कर रहा है।

## क्या जहाँ इस रोग का प्रकोप है उन क्षेत्रों में अभिभावकों को भी खसरे का टीका लगवा लेना चाहिए?

जैसा कि अधिकतर रोगों के मामले में होता है, उसी तरह खसरा भी अगर आपको एक बार हो चुका हो, तो आप फिर कभी इससे संक्रमित नहीं होते, क्योंकि आपमें इसके विरुद्ध स्वाभाविक प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है। इसलिए, यदि आपको खसरा हो चुका हो या आपने MMR टीके की दो खुराकें ली हुई हों, तो अब आपको टीकाकरण की ज़रूरत नहीं है।

खसरा और MMR के बारे में और अधिक जानकारी के लिए
**www.nhs.uk/conditions/measles/ देखें**

This is a Hindi translation of the measles dont let your child catch it - English version. There are also versions in Afrikaans, Arabic, Bengali, Cantonese, simplified Chinese, French, German, Hebrew, Italian, Lithuanian, Polish, Portuguese, Romani, Romanian, Spanish, Swahili, Tagalog, Tamil, Turkish, Ukrainian and Urdu. If you would like more copies of this leaflet or any other immunisation publications please visit www.healthpublications.gov.uk or call 0300 123 1002

NHS
प्रतिरक्षण संबंधी जानकारी

© Crown copyright 2023. Product code: M23HI. UKHSA Gateway Number 2023248. 1P 200k August 2023 (APS) – Schools version